सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

# राजस्थान सरकार
## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

### कार्यालय आदेश

क्रमांक एफ 2(898)डीओआईटी/संस्था/11/I/68825/2017 जयपुर, दिनांक : 12/5/17

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग में पदस्थापित समस्त अधिकारी/कर्मचारी का वर्ष 2016–17 का वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन दिनांक 01 अप्रैल 2017 को अपेक्षित हो गया है जो राज–काज के माध्यम से ही ऑनलाइन प्रस्तुत की जानी है। किसी भी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन राज–काज के अलावा किसी भी और माध्यम से यथा डाक से या व्यक्तिशः हार्डकॉपी के रूप में प्रस्तुत करने पर स्वीकार्य नहीं होगा। विभाग में सभी रिपोर्टिंग अधिकारी इसकी पालना सुनिश्चित करायें। राज–काज पर वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन एस.एस.ओ.(Single Sign On) के माध्यम से ही भरा जायेगा अतः सभी अधिकारी/कर्मचारी अपनी एस.एस.ओ.(Single Sign On) आई.डी. आवश्यक रूप से सृजित करवा कर राज–काज टीम से समन्वय कर अपनी SSO-ID राज–काज एप्लीकेशन मे इन्टीग्रेट भी करवायें।

इस कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर विभाग में राज–काज की टीम से सम्पर्क कर सकते हैं –

Email Id :- Support.eoffice@rajasthan.gov.in
Phone :- 0141 - 5153222 (Ext : 21304, 22281)
IP No. :- 21304, 22281

(आशुतोष.एम.देशपाण्डे)
तकनीकी निदेशक एवं संयुक्त सचिव

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित हैः–

1. वरिष्ठ निजी सहायक, प्रमुख शासन सचिव एवं आयुक्त, सू.प्रौ. एवं संचार विभाग, जयपुर।
2. कार्यालयाध्यक्ष, सू.प्रौ. एवं संचार विभाग मुख्यालय, जयपुर।
3. प्रभारी अधिकारी (वेबसाइट), सू.प्रौ. एवं संचार विभाग, जयपुर।
4. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उप निदेशक), सू.प्रौ. एवं संचार विभाग, जिला .................समस्त।
5. गार्ड पत्रावली।

प्रभारी अधिकारी संस्थापन